आकाशवाणी श्री विजयपुरम
दिनांक : 17.06.2025
समय : 0705

<><><><><><><>

- सरकार का दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय।
- हैदराबाद में कौशल मंथन कार्यशाला में उप–राज्यपाल सम्मिलित हुए ।
- श्री विजयपुरम में शुरू हुआ सप्ताह भर चलने वाला मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव ।
- निकोबार द्वीपसमूह में समुद्री तट योग सत्र का आयोजन।

<><><><><><>

सरकार ने देश के अलग अलग भागों में दो हजार ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल खोलने का निर्णय लिया है। नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि ये प्रशिक्षण स्कूल देश के पिछड़े और जनजातीय क्षेत्रों में खोले जाएंगे और इससे युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि देश में करीब बाईस लाख ड्राइवरों की कमी है और ये प्रशिक्षण स्कूल कुशल ड्राइवरों की कमी को पूरा करने में सहायक होंगे। श्री गडकरी ने यह भी कहा कि उनके मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए भी कई कदम उठाए हैं। उन्होंने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने का आह्वान भी किया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने हैदराबाद में कौशल मंथन दक्षिणी क्षेत्रीय कार्यशाला में भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्री जयंत चौधरी ने की। मंत्रालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहयोगात्मक विकास को बढ़ावा देने, नवीन विचारों के आदान–प्रदान और क्षेत्रीय कौशल विकास पहलुओं को बढ़ावा देने के लिए बेहतरीन प्रशिक्षण तथा स्थानीय नौकरी के अवसरों पर ध्यान केन्द्रित किया गया, जिससे भविष्य के लिए एक मजबूत कार्यबल का निर्माण हो सके। उप–राज्यपाल ने कौशल विकास पहलों के माध्यम से द्वीपसमूह में मत्स्य पालन, पर्यटन, समुद्री उत्पाद, आतिथ्य क्षेत्रों तथा बंदरगाहों और शिपिंग क्षेत्रों में खुलने वाली मेगा परियोजनाओं के कारण क्षेत्रों में निवेश और उनके प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। उप–राज्यपाल ने समारोह में आई टी आई प्रतिभागियों से भी बात की।

<><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार ने कल राज्य पुस्तकालय में मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव – दो हजार पच्चीस का उद्घाटन किया। बाईस जून तक चलने वाले इस महोत्सव का उद्देश्य पढ़ने की आदतों को बढ़ावा और साहित्य के प्रति प्रेम को बढ़ावा देने के साथ पुस्तक प्रेमियों के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस अवसर पर, मुख्य सचिव ने पुस्तकालय परिसर और विभिन्न अनुभागों का दौरा किया। उन्होंने प्रतिभागी छात्रों के साथ बातचीत की और उन्हें प्रोत्साहित किया। मुख्य सचिव ने बौद्धिक विकास और व्यक्तिगत विकास की आधारशिला के रूप में पढ़ने के मूल्य को रेखांकित किया। उन्होंने आज की तेज गति वाली डिजिटल दुनिया में, पढ़ने की आदत विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। आकाशवाणी समाचार से बात करते हुए कार्यालय प्रमुख ज्ञान शील दुबे ने इस कार्यक्रम के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए ड्राइंग सत्र, कहानी सुनाना, पुस्तक पढ़ने की गतिविधियाँ और खजाने की खोज गतिविधियां चलाई गई। सप्ताह भर चलने वाली प्रतियोगिताओं में कहानी सुनाना, खजाने की खोज, शिल्प निर्माण, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, कहानी और नारा लेखन, समाचार पढ़ना और वृत्तचित्र फिल्म स्क्रीनिंग शामिल हैं। इस महोत्सव में शिक्षा सचिव एल. कुमार, शिक्षा निदेशक विक्रम सिंह, शिक्षा उप–निदेशक अर्चना सिंह, उप निदेशक शिक्षा –विज्ञान राम प्रवेश, और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों और स्कूली बच्चों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में निकोबार द्वीपसमूह के चैम्पिन गांव में समुद्री तट योग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इस वर्ष के वैश्विक विषय एक पृथ्वी–एक स्वास्थ्य के लिए योग को उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व ननकौड़ी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. लेफ्टिनेंट कर्नल निर्मल कुमार वाजपेयी और योग प्रशिक्षक राजमनी ने किया। कार्यक्रम में होमियोपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शबनम ने भी सहयोग किया।

<><><><><><><>

मत्स्य पालन विभाग ने समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण, चेन्नई और अंडमान आदिम जनजाति विकास समिति के सहयोग से हाल ही में हटबे के डूगांग क्रीक में रहने वाले ओंगी जनजाति के लिए मछलियों की स्वच्छता, मछली खाने के महत्व, मछली पकड़ने की विभिन्न तकनीकों और मछली पकड़ने की जाल की मरम्मत पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम अनुसूचित जनजाति एवं

विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह के लिए कौशल विकास कार्यक्रम के रूप का एक हिस्सा था और डूगांग क्रीक के तीस चुने गए ओंगी जनजाति के लोगों ने प्रशिक्षण में हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ एमपेडा के संयुक्त निदेशक डॉ. जयबल ने किया। अपने भाषण के दौरान उन्होंने ग्रामीण समुदायों की प्रोटीन की मांग को पूरा करने के लिए मछली की खपत के महत्व के बारे में बताया। प्रशिक्षण की शुरूआत डॉ. अरूण मूर्ति के सत्र से की गई। सहायक मत्स्य विकास अधिकारी नेसनस ई ए ने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में विभिन्न मूल्यवान समुद्री संसाधनों की उपलब्धता और मानव विकास कल्याण के लिए उनके पोषण संबंधी लाभों पर जोर दिया।

<><><><><><><>

ज़िला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण दक्षिण अंडमान द्वारा उन्नीस जून को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। यह मॉक ड्रिल नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए की जा रही है। आपातकालीन प्रतिक्रिया क्षमताओं का आंकलन करने और उन्हें बढ़ाने के लिए नागरिक सुरक्षा तैयारियों के रूप में शाम छः बजे मॉक ड्रिल का आयोजन होगा। इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य सायरन का परीक्षण करना और सायरन सक्रिय होने के बाद ब्लैक आउट के हालात में सार्वजनिक तैयारियों का परीक्षण करना है। सायरन की अवधि पांच मिनट रहेगी। इस दौरान नागरिकों को सलाह दी जाती है कि वे इंवर्टर सहित अपने घर के सभी बिजली उपकरण बंद रखे। मॉक ड्रिल के पूरा होने के एक मिनट बाद दूसरा सायरन बजेगा, जिसके बाद नागरिक अपने सभी सामान्य कार्य कर सकते हैं।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

केन्द्रीय मंत्री ने हैदराबाद में एम एस डी ई द्वारा आयोजित कौशल मंथन क्षेत्रीय कार्यशाला का उद्घाटन किया–द्वीपों के उप–राज्यपाल के इसमें भाग लेने के समाचार को द डेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने इसे अपना हेडलाइन बनाते हुए प्रमुखता से छापा है। इस खबर के अलावा अखबार ने मुख्य सचिव द्वारा राज्य पुस्तकालय में मानसून पुस्तक वाचन महोत्सव का उद्घाटन करने के समाचार को अपने प्रथम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी ने अंडमान टूर ऑपरेर्टस एसोसिएशन द्वारा जेड एस आई द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा में भाग लेने के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। द इको ऑफ इंडिया ने महिला एक दिवसीय वर्ल्ड कप क्रिकेट के लिए सारणी जारी करने के समाचार को अपने खेल पृष्ठ में छापा है।